**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2622**

**05 अगस्त, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**वस्त्र मूल्य श्रृंखला के लिए वन स्टॉप समाधान**

**2622. श्री वाई. एस. अविनाश रेड्डी:**

**क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) क्या वस्त्र क्षेत्र में कृषि से लेकर तैयार उत्पाद तक वस्त्र मूल्य श्रृंखला के लिए वन-स्टॉप समाधान प्रदान करने हेतु पीएम मित्र योजना को शुरू किए जाने से इसके वांछित उद्देश्य प्राप्त हो गए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का योजना के दूसरे चरण को शुरू करने का विचार है और इसके लिए प्रस्ताव मांगे जा रहे हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या आंध्र प्रदेश राज्य में ऐसे कोई पार्क स्थापित किए जाएंगे और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) आज की तिथि के अनुसार योजना के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है?

**उत्तर**

**वस्त्र राज्य मंत्री**

**(श्री पबित्र मार्घेरिटा)**

**(क) से (ङ):** सरकार ने पीएम मित्र पार्कों की स्थापना के लिए 7 (सात) स्थलों को मंजूरी दी है, जिनमें से एक-एक गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश में है।

पीएम मित्र योजना का उद्देश्य बड़े पैमाने पर और एकीकृत विश्व स्तरीय औद्योगिक सुविधाओं का विकास करना है ताकि भारतीय वस्त्र उद्योग को पैमाने बनाने, रसद लागत को कम करने और इसकी प्रतिस्पर्धा में सुधार करने में मदद मिल सके। 5एफ विजन (फार्म टू फाइबर टू फैक्टरी टू फैशन टू फॉरेन) से प्रेरित, पीएम मित्र पार्क भारत के वस्त्र उद्योग को एक ही स्थान पर आधुनिक और एकीकृत वस्त्र मूल्य श्रृंखला के निर्माण के साथ-साथ वैश्विक आकार और पैमाने को प्राप्त करने में सक्षम बनाएंगे।

पार्क के द्वार तक बाहरी अवसंरचना प्रदान करने के लिए 1,197.33 करोड़ रुपये के अवसंरचना के काम विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा शुरू किए गए हैं और अब तक 291.61 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। 399.26 करोड़ रुपए के निर्माण कार्य कार्यान्वयन के विभिन्न स्तरों पर हैं। पीएम मित्र पार्क मध्य प्रदेश के लिए 2,063 करोड़ रुपए की एक विकास परियोजना को मंजूरी दी गई है जबकि तमिलनाडु के लिए 1894 करोड़ रुपये की एक ऐसी ही परियोजना को भी मंजूरी दी गई है।

मध्य प्रदेश में, अवसंरचना के विकास के लिए निविदाएं आमंत्रित करते हुए 773 करोड़ रुपये का इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) पैकेज 30 जून, 2025 को जारी किया गया था। पीएम मित्र पार्क, तेलंगाना में औद्योगिक शेड का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जबकि पीएम मित्र पार्क, महाराष्ट्र में 118 करोड़ रुपये के कार्य प्रिक्रयाधीन हैं।

***